32. नारा लेखन

नारा लेखन को अंग्रेज़ी में स्लोगन कहते हैं। इसका शाब्दिक अर्थ है– जोर का शब्द या सामूहिक रूप से की गई आवाज़। सार्थक, संक्षिप्त तथा प्रेरणादायी विचार नारा या स्लोगन कहलाता है। यह सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, धार्मिक आदि विषयों पर लिखे जाते हैं। नारा लिखते समय सटीक, प्रभावशाली एवं लययुक्त भाषा का प्रयोग किया जाता है।

शिक्षण-संकेत

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका छात्रों को नारा लेखन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए पाठ पढ़वाएँ।
- ❖ नारा लेखन की परिभाषा समझाएँ।
- ❖ छात्रों को बताएँ कि नारा लेखन में किन-किन आवश्यक तत्वों का होना जरूरी है।
- ❖ उन्हें नारा लेखन से संबंधित विशेष बातों से अवगत करवाएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ 236-238 पर दिए गए नारों के प्रकार उदाहरण सहित बताएँ।
- ❖ छात्रों को विभिन्न विषयों पर नारे लिखने के लिए प्रेरित करें।
- ❖ पाठ संबंधी अभ्यास करवाएँ तथा जाँचें।